B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

ANNUAL EXAMINATION (2025-26)

HINDI

SET-B

Class : IV — Duration : **1.30 Hrs**

Date :14.03. 2026 — Max. Marks : **40**

सामान्य निर्देश-

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

खंड क (अपठित बोध)

प्रश्न **1** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- **[5]**

किसी शहर में एक अमीर आदमी रहता था। उसने समुद्री व्यापार से बहुत धन कमाया था लेकिन अब वह बूढ़ा हो चुका था और चाहता था कि उसका बेटा उसका काम सँभाल ले। लेकिन उसका बेटा आलसी था। मेहनत करने की न तो उसे आदत थी और न ही उसकी इच्छा। पिता के समझाने का उस पर कोई असर नहीं होता था।

एक दिन सुबह-सुबह अमीर आदमी ने अपने बेटे को पास बुलाया और कहा, "जाकर कुछ कमा लाओ, नहीं तो रात को खाना नहीं मिलेगा।"

लड़का सीधे अपनी माँ के पास गया और रोने लगा | माँ ने बेटे की आँखों में आँसू और मुख पर चिंता देखी तो वह बेचैन हो गई। उसने अपना संदूक खोला और एक अशर्फी निकालकर बेटे को दे दी।

(i) शहर में कैसा आदमी रहता था?

(a) गरीब (b) अमीर (c) कामचोर (d) आलसी

(ii) उसने कैसे धन कमाया?

(a) चोरी करके (b) खेती करके (c) सब्जी बेंचकर (d) समुद्री व्यापार से

(iii) बेटा कैसा था?

(a) मेहनती (b) आलसी (c) लालची (d) लड़ाकू

(iv) अमीर आदमी ने बेटे को कब बुलाया?

(a) रात को (b) दोपहर को (c) सुबह को (d) शाम को

(v) लड़का सबसे पहले अशर्फ़ी माँगने किसके पास गया?

(a) पिता (b) बहन (c) भाई (d) माँ

(vi) कौन बूढ़ा हो चुका था ? **[1]**

(vii) पहले लड़का किसके पास गया ? **[1]**

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न **2** नीचे लिखे वाक्य में कारक चिन्ह का प्रयोग करके लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) मैंने मित्र ---- ----- पुस्तक खरीदी |

(ii) आकाश **------** पतंग उड़ रही है |

(iii) मैं बाजार ---- घर आता हूँ |

प्रश्न **3** दिए गई गिनती को शब्दों में लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) १६

(ii) ३१

(iii) ४६

प्रश्न **4** लिंग बदलिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) माता

(ii) लड़का

(iii) महोदया

प्रश्न **5** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) पढ़ाई करने वाला-

(ii) जो हमेशा सत्य बोले-

प्रश्न **6** संज्ञा शब्द पहचानिए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) कलम मेरी है |

(ii) लड़की नाचती है |

प्रश्न **7** दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) पुस्तक

(ii) आँखे

(iii) कहानियाँ

प्रश्न **8** दिए गए मुहावरे के अर्थ लिखिए **:-** (कोई दो) **[1]**

(i) ईद का चाँद होना -

(ii) दांतों तले उँगली दबाना -

(iii) एक और एक ग्यारह -

प्रश्न **9** सर्वनाम शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) वह **(ii)** मैं

प्रश्न **10** दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्द बताइए **:-** (कोई एक) **[1]**

(i) मोहन खेल रहा है ||

(ii) रवि चित्र बना रहा है |

प्रश्न **11** दिए गए वाक्य में काल भेद बताइए :- (कोई एक) **[1]**

(i) कल मैं खेल रहा था |

(ii) मुकेश लिख रहा है |

खंड ग (पाठ्यपुस्तक)

प्रश्न 12 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- **[5]**

साक्षी को कहानी सुनना अच्छा लगता था | वह सोने से पहले रोज एक कहानी सुनती थी | एक दिनवह खिड़की से चाँद को नुहार रही थी | चाँद को देखकर वह बहुत प्रसन्न हुई |तभी वहाँ उसकी माँआई और बोली – '' साक्षी बेटी , अब बहुत देर हो गई है | चलो , सो जाओ |'' साक्षी बोली – '' नहीं माँअभी थोड़ी देर में सो जाऊँगी | देखो न ! कितना सुंदर है चाँद , बिलकुल गोल और चमकीला | माँ बोली –" हाँ बेटी , आज पूर्णिमा है इसलिए चाँद गोल और सुन्दर दुखी दे रहा है |

(i) साक्षी को क्या अच्छा लगता था ?
(a) गीत सुनना (b) कहानी सुनना (c) चित्र बनाना (d) खेलना
(ii) साक्षी रोज कब कहानी सुनती थी ?
(a) सुबह (b) दोपहर (c) सोने से पहले (d) स्कूल जाते समय
(iii) साक्षी खिड़की से किसे निहार रही थी ?
(a) तारे (b) सूर्य (c) बादल (d) चाँद
(iv) चाँद को देखकर साक्षी को कैसा लगा ?
(a) दुख हुआ (b) डर लगा (c) आश्चर्य हुआ (d) बहुत प्रसन्न हुई
(v) माँ ने चाँद के गोल और सुंदर दिखने का क्या कारण बताया ?
(a) अमावस्या है (b) चाँद पास है (c) पूर्णिमा है (d) रात साफ है

प्रश्न **13** दिए गए अति लघु प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए:- (कोई चार) **[4]**
(i) नानी ने मान्या को किसकी कहानी सुनाई?
(ii) अकबर को क्या चाहिए था ?
(iii) सभी दरबारी क्यों प्रसन्न थे ?
(iv) चिड़िया का घोंसला कैसे उड़ गया था ?
(v) नौकाएँ देखने में कैसी लगाती हैं ?
(vi) "कभी हार नहीं होती" कविता के कवि कौन है ?

प्रश्न **14** दिए गए प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए :- (कोई दो) **[4]**
(i) प्रत्येक चौराहे पर बत्तियाँ क्यों होती है ?
(ii) राजा ने तेनालीराम को क्या आदेश दिया ?
(iii) ओणम के दिन दादी जी ने क्या – क्या बनाया ?
(iv) ' कभी हार नहीं होती ' कविता की चार पंक्ति लिखिए ?

खंड घ लेखन –कौशल

प्रश्न 15 निम्नलिखित में किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :- (कोई एक) **[5]**
(i) समय का महत्त्व
(ii) मेरा प्रिय मित्र

प्रश्न 16 निम्नलिखित में किसी एक विषय पर पर संवाद लिखिए :- (कोई एक) **[5]**
(i) पुस्तक खरीदने के लिए पिता -पुत्र के बीच संवाद |
(ii) डॉक्टर और रोगी के बीच बातचीत |

================= "शुभकामनाएँ" =================